# पाठ - किरमिच की गेंद

**कठिन शब्द -**

- छुट्टियाँ
- चिक
- लू
- क्यारी
- भिन्डियों
- आरंभ
- छान मारना
- घूँस
- गड्ढे
- तिमंजिली
- खिड़कियाँ
- मुंडेर
- चिलचिला
- चक्कर
- चंदा
- रुआँसे
- ठहाका

egyanarchive

**शब्दार्थ -**

1. धम से - तेज़ी से, बिना किसी रुकावट के
2. एकदम - पूरी तरह से
3. चिक - बांस या सरकंडे की तीलियों का बना हुआ झँझरीदार परदा
4. लू - गर्म हवा
5. क्यारी - फूलों या सब्जियों का छोटा बगीचा
6. भिन्डियाँ - एक प्रकार की सब्जी
7. सीताफल - कद्दू
8. घनी - घने, भारी
9. आरंभ - शुरुआत

10.छान मारना - ढूँढना
11.घूँस - चूहे की एक बड़ी प्रजाति जो ज़मीन के अंदर बड़े-बड़े बिल बनाकर रहती है
12.निगाह - नज़र
13.किरमिच - कैनवास एक मोटा, मज़बूत, और सरल-बुनाई वाला कपड़ा होता है
14.तिमंजिली - तीन मंजिला
15.मुंडेर - दीवार, दीवार का ऊपरी हिस्सा जो ऊपर की छत के चारों ओर कुछ उठा होता है
16.चिलचिला - जलना, तपना
17.दोपहरी - दोपहर का समय
18.चक्कर - घूमना
19.ईमानदारी - सच्चाई
20.चंदा - किसी अच्छे काम के लिए इकट्ठा की गई रकम या कोई वस्तु
21.अधिकार - हक़
22.निशानी - चिह्न
23.सबूत - प्रमाण
24.रुआँसे - रोने की आवाज़

**कहानी की बात**

(क) दिनेश की माँ मशीन चलाते-चलाते बोलीं, "बेटा, कहाँ जा रहे हो?"

- दिनेश की माँ कौन-सी मशीन चला रही होंगी?
- तुमने इस मशीन को कहाँ-कहाँ देखा है?

**उत्तर**: दिनेश की माँ सिलाई वाली मशीन चला रही होंगी।
मैंने इस मशीन को अपने घर में और पड़ोस के घरों और कपड़े सिलने वाली दुकानों में देखा है।

(ख) दिनेश ने सारी सीताफल की बेल छान मारी।

- दिनेश क्या खोज रहा था?
- दिनेश को कैसे पता चला होगा कि क्यारी में वही चीज़ गिरी है?

**उत्तर**:

- दिनेश वह चीज खोज रहा था जिसकी धम से गिरने की आवाज उसने सुनी थी।
- दिनेश ने अनुमान लगाया होगा कि क्यारी में वही चीज़ गिरी है।

(ग) दिनेश अच्छी तरह जानता था कि गेंद दीपक की नहीं है।

egyanarchive

- दिनेश को यह बात कैसे पता चली कि गेंद दीपक की हो ही नहीं सकती?
- दीपक बार-बार गेंद को अपनी क्यों बता रहा होगा?

**उत्तर**: दिनेश को पता था कि दीपक की गेंद पाँच महीने पहले खोई थी। और यह गेंद, बिल्कुल नई थी, चमचमाती हुई। दीपक की अपनी गेंद खो गई थी। इसलिए वह मिली हुई गेंद को हथियाना चाहता था।

**गेंद किसकी**

(क) दीपक ने गेंद को अपना बताने के लिए उसके बारे में कौन-कौन सी बातें बनाई?

**उत्तर**: दीपक ने गेंद को अपना बताते हुए बोला-उसकी गेंद पाँच महीने पहले खो गई थी। उसकी गेंद पर ऐसा ही लाल | रंग का निशान था, जैसा इस गेंद पर है। उसकी गेंद के टप्पे से भी ऐसी ही आवाज आती थी। वह अपने पापा से भी कहलवा सकता है कि यह गेंद उसी की है।

(ख) अगर दीपक और दिनेश गेंद के बारे में फैसला करवाने तुम्हारे पास आते, तो तुम गेंद किसे देतीं? यह भी बताओ कि तुम यह फैसला किन बातों को ध्यान में रखकर करतीं?

**उत्तर**: मैं गेंद दिनेश को देती क्योंकि वह (गेंद) उसी को मिली थी। दीपक झूठ बोल रहा था। वह किसी भी तरह गेंद हथियाना चाह रहा था।

**गेंद की कहानी**

- गेंद स्कूटर के साथ कहीं चली गई।
- उसके बाद गेंद के साथ क्या-क्या हुआ होगा? सोचकर बताओ।

**उत्तर**: स्कूटर वाले के घर के बच्चे नई गेंद देखकर खुश हो गए होंगे। वे गेंद लेकर तुरंत खेलने चले गए होंगे।

egyanarchive

**पहचान**

मान लो तुम्हारा कोई खिलौना घर में ही कहीं खो गया है। तुमने अपने साथियों को घर पर बुलाया है ताकि सब मिलकर उसे खोज लें। तुम अपने खिलौने की पहचान के लिए अपने साथियों को कौन-कौन सी बातें बताओगे? लिखो।

**उत्तर**: मान लो कि वह खिलौना गुड़िया है। पहचान के लिए मैं अपने साथियों को बताऊँगी कि यह जापानी गुड़िया है। जो बिजली से नाचती है। वह गुलाबी फ्रॉक पहनी है। उसके बाल घने, लंबे और काले हैं। उसकी आँखें इस समय बंद होंगी।

**कहाँ**

सामने की क्यारी में भिंडियों के ऊँचे-ऊँचे पौधे थे।

एक ओर सीताफल की घनी बेल फैली हुई थी।

सीताफल की बेल होती है और भिंडी का पौधा बताओ और कौन-कौन सी सब्ज़ियाँ बेल और पौधे पर लगती है।

**उत्तर**:

| **बेल** | **पौधा** |
|---|---|
| कद्दू | टमाटर |
| तोड़ी | बैंगन |
| करेला | मिर्च |
| ककड़ी | पपीता |
| मटर | |

**तरह-तरह की गेंदें**

गेंदों के अनेक रंग-रूप होते हैं। अलग-अलग खेलों में अलग-अलग प्रकार की गेंदों का इस्तेमाल किया जाता है। नीचे दी गई जगह में खेलों के अनुसार गेदों की सूची बनाओ।

**उत्तर**:

| | |
|---|---|
| **क्रिकेट** | किरमिच |
| **हॉकी** | रबड़ |
| **फुटबॉल** | चमड़ा |
| **बॉलिबाल** | चमड़ा |
| **टेनिस** | प्लास्टिक |

**खोजो आस-पास**

दिनेश चिक सरकाकर बरामदे की ओर भागा।

(क) चिक पर्दे का काम करती है पर चिक और पर्दे में फर्क होता है।

इन दोनों में क्या अंतर है? समूह में चर्चा करो।।

इसी तरह पता लगाओ कि इन शब्दों में क्या अंतर है?

- टहनी-तना
- पेड़-पौधा
- घूस-चूहा

- मुँडेर-चारदीवारी,

**उत्तर**:

- टहनी – पेड़ की डाली।
  तना – पेड़ का मुख्य भाग जो काफी मोटा होता है।
- पेड़ – बड़ा और मजबूत होता है।
  पौधा – छोटा और कमजोर होता है।
- घूस – घूस बड़ा होता है।
  चूहा – चूहा छोटा होता है।
- मुँडेर – छत के चारों तरफ उठी दीवार मँडेर कहलाती है। यह अधिक ऊँची नहीं होती है।
  चारदीवारी – घर या ‘जमीन को चारों ओर से घेरने के लिए उठाई गई दीवार। यह अधिक ऊँची होती है।

(ख) चिक सरकंडे से भी बनती है और तीलियों से भी।
सरकंडे से और क्या-क्या बनता है? अपने आसपास पता करो और लिखो।
**उत्तर**: सूप, चटाई, कलम, टोकरी

**क्लब बनाएँ**

मान लो तुम्हें अपने स्कूल में एक क्लब बनाना है जो स्कूल में खेल-कूद के कार्यक्रमों की तैयारी करेगा।

- इस क्लब में शामिल होने और इसको चलाने आदि के बारे में नियम सोचकर लिखो।
- तुम्हारे विचार से इस क्लब को अच्छी तरह चलाने के लिए नियमों की ज़रूरत है या नहीं? अपने जवाब का कारण भी बताओ।

**उत्तर**: क्लब में शामिल होने और इसको चलाने आदि के बारे में नियम-

1. अनुशासन का ध्यान रखना होगा।
2. मैनेजर की बात सभी को मानना होगा।
3. खेल का अभ्यास करने के लिए प्रतिदिन शाम में आना होना।
4. क्लब की देखभाल के लिए कुछ पैसे हर महीने देने होंगे।
5. क्लब को सुचारु रूप से चलाने के लिए सबका सहयोग होना चाहिए।
6. क्लब को अच्छी तरह से चलाने के लिए कुछ नियमों की सख्त जरूरत होती है क्योंकि तभी वह ज्यादा दिनों तक टिक पाएगा।

**एक, दो, तीन**

दिनेश ने तिमंजिली इमारत की ओर देखा।

egyanarchive

जिस इमारत में तीन मंज़िलें हों, उसे तिमंजिली इमारते कहते हैं।

बताओ, इन्हें क्या कहेंगे?

- जिस मकान में दो मंज़िलें हों — दुमंजिला मकान
- जिस स्कूटर में दो पहिए हों — दोपहिया स्कूटर
- जिस झंडे में तीन रंग हों — तिरंगा झंडा
- जिस जगह पर चार राहें मिलती हों — चौराहा
- जिस स्कूटर में तीन पहिए हों — तिपहिया स्कूटर

**सब्ज़ी एक नाम अनेक**

एक ही सब्जी या फल के नाम अलग-अलग स्थान पर अलग-अलग होते हैं। नीचे ऐसे कुछ नाम दिए गए हैं।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सीताफल | कांदा | बटाटा | अमरुद | तोरी | शरीफ़ा |
| काशीफल | बैंगन | नेनुआ | तरबूज | कुम्हड़ा | घीया |

बताओ कि तुम्हारे घर, शहर या कस्बे में इनमें से कौन-कौन से शब्द इस्तेमाल किए जाते हैं?

बाकी नामों का इस्तेमाल किन-किन स्थानों पर होता है? पता करो।

**उत्तर**:

| **सब्जी** | **अन्य नाम** |
|---|---|
| सीताफल | रामफल, शरीफा |
| कांदा | प्याज |
| तोरी | डुंडी |
| घीया | लौकी |
| काशीफल | कद्दू |

| **सब्जी** | **जगह** |
|---|---|
| काशीफल | – उत्तर प्रदेश |
| कुम्हड़ा | – उत्तर प्रदेश |
| नेनुआ | – बिहार |
| बटाटा | – गुजरात |

egyanarchive